

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-20 शुक्रवार, दिनांक-19 मार्च, 2021 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।**

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही नेता विरोधी दल द्वारा ए०डी०आर० से संबंधित मामलों को उठाया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि अभी प्रश्नकाल का समय है, इसके उपरांत इसे उठाएँ ।

[1] **प्रश्नकाल** :-

(i) 08 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 25 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iii) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(iv) 99 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **आसन की सूचना**:-

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध 08 अल्पसूचित प्रश्नों में से सभी के उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हुए हैं, जिसमें स्वास्थ्य एवं ऊर्जा विभाग शत-प्रतिशत । आज के लिए सूचीबद्ध तारांकित प्रश्नों में से ऊर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग एवं विधि विभाग द्वारा शत-प्रतिशत उत्तर उपलब्ध कराए गये हैं ।

आसन द्वारा शत-प्रतिशत उत्तर उपलब्ध कराने के लिए माननीय मंत्रियों का एवं सदन को चलाने में पूर्ण सहयोग देने के लिए सभी माननीय सदस्यों का अभिनन्दन किया गया ।

[3] **आसन की घोषणा** :-

आसन द्वारा सदन में घोषणा की गयी कि उत्कृष्ट सांसद का पुरस्कार देने की नियमावली लोक सभा में बनी हुई है उसी तर्ज पर अपने यहां भी आपलोगों के सुझाव और हमारे कई वरीय अभिभावक सदन में बैठे हैं उनके अनुभवों को समाहित करते हुए उत्कृष्ट विधायक का पुरस्कार प्रति वर्ष प्रदान किया जायेगा । इस पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और बिहार विधान सभा मुख्य भवन की रजत अनुकृति शामिल होगी । यह पुरस्कार उत्कृष्ट विधायक

को दिया जायेगा, जिसका चयन पुरस्कार समिति द्वारा किया जायेगा । यदि पुरस्कार समिति किसी वर्ष किसी को पुरस्कार न देने का निर्णय करती है तो यह तदनुसार सिफारिश कर सकेगी । पुरस्कार की घोषणा अध्यक्ष, बिहार विधान सभा द्वारा विनिर्दिष्ट समय में किया जायेगा । बिहार विधान सभा का सदस्य होना इस पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए अर्हता होगी । सदस्य, जिसे एक बार यह पुरस्कार मिल जायेगा, उसके नाम पर परवर्ती वर्षों में विचार नहीं किया जायेगा । पुरस्कार समिति और इसकी नियमावली के लिए आप लोगों से सुझाव मांगा जायेगा जिसको समाहित करते हुए इसे बनाया जायेगा । बिहार के सदस्यों की छवि और सम्मान और राज्य की जनहित की समस्याओं के प्रति यहां के लोगों की गंभीरता का संदेश पूरे देश में जाय हमारी सबों से यही कामना है ।

**[4] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री रामवृक्ष सदा, श्री ललित कुमार यादव, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, श्री अजीत शर्मा, श्री निरंजन राय, श्री मो० इसराईल मंसूरी, श्री बच्चा पाण्डेय, श्री आलोक कुमार मेहता एवं श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

**[5] अन्य चर्चा :-**

माननीय नेता विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा कहा गया कि आसन ने उन्हें निदेश दिया था कि अपने बयान को तथ्यों के साथ सदन में रखें जिसके फलस्वरूप वे ए०डी०आर० में जो डिटेल है उसे सदन के पटल पर रखना चाहते हैं ।

आसन द्वारा कहा गया कि जिस रिपोर्ट की आप बात कर रहें हैं वह पूर्व से ही पब्लिक डोमेन में आया हुआ है । इसमें जो विवरण है वह पूर्व से ही सबके संज्ञान में है । साथ ही नेता विरोधी दल के अनुरोध पर उनके ए०डी०आर० रिपोर्ट के डिटेल को सदन के पटल पर रखने का निदेश दिया गया ।

**[6] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव | (ii) | श्रीमती भागीरथी देवी |
| (iii) | श्री अजय कुमार | (iv) | श्री पवन कुमार जायसवाल |
| (v) | श्री राकेश कुमार रौशन | (vi) | श्री ललन कुमार |
| (vii) | श्री ऋषि कुमार | (viii) | श्री महा नंद सिंह |
| (ix) | श्री रामबली सिंह यादव | (x) | श्री सतीश कुमार |
| (xi) | श्री अरूण सिंह | (xii) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (xiii) | श्रीमती शालिनी मिश्रा | (xiv) | श्री समीर कुमार महासेठ |
| (xv) | श्री अजीत शर्मा | (xvi) | श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी |
| (xvii) | श्री आनन्द शंकर सिंह | (xviii) | श्री संजय कुमार गुप्ता |
| (xix) | श्री मिथिलेश कुमार | (xx) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव |
| (xxi) | श्री प्रह्लाद यादव | (xxii) | श्री संजय सरावगी |
| (xxiii) | श्री सुनील मणि तिवारी | (xxiv) | श्री मुरारी मोहन झा |
| (xxv) | श्री भूदेव चौधरी | (xxvi) | श्री कृष्णनंदन पासवान |
| (xxvii) | श्री आलोक कुमार मेहता | (xxviii) | श्री इजहारूल हुसैन |
| (xxix) | श्री विनय कुमार | (xxx) | श्री जय प्रकाश यादव |
| (xxxi) | श्री विजय कुमार | (xxxii) | श्री मुकेश कुमार रौशन |
| (xxxiii) | श्री मुकेश कुमार यादव | (xxxiv) | श्री मिश्री लाल यादव |

(xxxv) श्री राम चन्द्र प्रसाद
(xxxvi) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xxxvii) श्री महबूब आलम
(xxxviii) श्री विजय कुमार खेमका
(xxxix) श्री विद्या सागर केशरी
(xl) श्री चेतन आनन्द
(xli) श्री अनिल कुमार

माननीय सदस्य श्री सतीश कुमार, श्री सुदामा प्रसाद, श्री जय प्रकाश यादव, श्री मिश्री लाल यादव एवं श्री महबूब आलम को उनकी शून्यकाल की सूचना के संक्षिप्त होने के कारण आसन द्वारा धन्यवाद दिया गया ।

शून्यकाल के लिए सूचीबद्ध कुल 79 सूचनाओं में से शेष 38 को आसन द्वारा समयाभाव के कारण पढ़ा हुआ माना गया एवं शून्यकाल समिति के सुपूर्द किया गया ।

[7] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री कुमार शैलेन्द्र एवं अन्य सभासदों का श्रम संसाधन विभाग से संबंधित तथा दिनांक-15 एवं 17 मार्च, 2021 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, श्री जिवेश कुमार द्वारा दिया गया किन्तु उत्तर से असंतुष्ट होकर पक्ष एवं विपक्ष के माननीय सदस्यगण द्वारा एक स्वर में सदन की समिति से जांच कराने की मांग की गई । सदन की भावना को देखते हुए आसन द्वारा उक्त ध्यानाकर्षण के विषय की जांच सदन की समिति से कराने की घोषणा की गयी ।

(ii) माननीय सदस्य, श्री दामोदर रावत एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री दामोदर रावत द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए सदन से समय लिया गया ।

(iii) माननीय सदस्य, श्री अखतरूल ईमान एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री अखतरूल ईमान द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री संजय कुमार झा द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

आज के लिए सूचीबद्ध शेष 02 ध्यानाकर्षण सूचनाओं को दिनांक-23.03.2021 को सूचीबद्ध करने का निदेश आसन द्वारा दिया गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 02.20 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण एक परिचालित विधेयक के संबंध में शोर-गुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा माननीय सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपनी बातों को अपने-अपने स्थान पर जाकर कहें तभी उनकी बातों को सुन पाएंगे । 23 मार्च को राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य के लिए दिन तय हैं । जो विषय जिस दिन के लिए तय है, उसी दिन होगा । आप सभी को लोकतांत्रिक मर्यादाओं एवं संसदीय परंपराओं को मानना चाहिए । सदन नियम से चलेगा, जिस दिन तिथि तय है उस दिन आप संशोधन ला सकते हैं, आपकी बात सुनी जायगी । साथ ही अनुरोध किया गया कि आप सभी माननीय सदस्यों का सार्वजनिक हित के विषय पर गैर सरकारी संकल्प सूचीबद्ध है जिसमें नए माननीय सदस्य भी हैं जिन्हें गैर सरकारी संकल्प पढ़ने का पहली बार मौका मिलेगा । इसलिए सदन को चलने दें और श्रीमती प्रतिमा कुमारी का नाम गैर सरकारी संकल्प पढ़ने के लिए पुकारा गया किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी ।

तत्पश्चात् आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 43 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे और सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-23 मार्च, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी ।

पटना
दिनांक-19.03.2021

राज कुमार सिंह
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।